**आकाशवाणी श्री विजयपुरम**

दिनांक : 02.01.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल नई दिल्ली में भगवान बुद्ध से संबंधित पावन पिपरहवा अवशेषों की अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे।
- आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल की यात्रा के मद्देनजर, कल के लिए वैकल्पिक मार्गों की व्यवस्था की गई है।
- नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले निदेशालय ने राशन कार्ड विवरणों को अपडेट करना अनिवार्य किया है।
- 'खेलो इंडिया जनजातीय खेल' के चयन के लिए द्वीपसमूह में राज्य स्तरीय चयन परीक्षण आयोजित किया जाएगा।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कल नई दिल्ली के राय पिथौरा सांस्कृतिक परिसर में भगवान बुद्ध से संबंधित पावन पिपरहवा अवशेषों की भव्य अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे। इस प्रदर्शनी में पहली बार पिपरहवा से संबंधित अवशेष और पुरातातविक सामग्री एक साथ प्रदर्शित की जाएगी। एक सदी से भी अधिक समय बाद पिपरहवा से लाए गए ये अवशेष नई दिल्ली के राष्ट्रीय संग्रहालय और कोलकाता के भारतीय संग्रहालय में संरक्षित रखे गए हैं। प्रधानमंत्री कार्यालय ने बताया कि वर्ष 1898 में पिपरहवा अवशेषों का पता लगा था। प्रारंभिक बौद्ध धर्म के पुरातात्विक अध्ययन में भगवान बुद्ध से सीधे संबंधित इन अवशेषों का महत्वपूर्ण स्थान है। पिपरहवा स्थल से जुड़े पुरातात्विक प्रमाण इसे प्राचीन कपिलवस्तु से जोड़ते हैं, जहां भगवान बुद्ध ने अपना प्रारंभिक जीवन बिताया था। यह प्रदर्शनी बौद्ध धर्म से जुड़े सभ्यतागत सम्पर्कों तथा आध्यात्मिक और सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित रखने के सरकार के प्रयासों का हिस्सा है।

<><><><><><><>

निरसन तथा संशोधन अधिनियम, 2025 संसद के शीतकालीन सत्र में पारित किया गया। इस अधिनियम का उद्देश्य अप्रचलित और अनावश्यक कानूनों को निरस्त करने और चुनिंदा मौजूदा कानूनों में लक्षित संशोधन करके देश के कानूनी ढांचे को सरल बनाना है। इस अधिनियम के अंतर्गत वर्ष 1886 से 2023 तक के 71 अप्रचलित अधिनियमों को निरस्त किया गया है जो अब प्रासंगिक नहीं थे। सिविल प्रक्रिया संहिता, सामान्य खंड अधिनियम, उत्तराधिकार अधिनियम और आपदा प्रबंधन अधिनियम सहित चार प्रमुख कानूनों को भी इस अधिनियम के अंतर्गत संशोधित किया गया है, ताकि कानून को अधिक स्पष्ट और वर्तमान प्रशासन के अनुरूप बनाया जा सके। इसके अलावा, अधिनियम की बचत धारा यह सुनिश्चित करती है कि निरसन से किसी भी अर्जित अधिकार, दायित्व, कार्यवाही या दायित्व पर कोई प्रभाव न पड़े। संक्षेप में, यह अधिनियम शासन को सुगम बनाता है और यह सुनिश्चित करता है कि देश का कानूनी वातावरण आधुनिक अर्थव्यवस्था की आवश्यकताओं के अनुरूप विकसित हो।

<><><><><><><>

आधिकारिक प्रतिनिधिमंडल की यात्रा के मद्देनजर, वाहनों के सुचारू आवागमन को सुनिश्चित करने हेतु कल के लिए वैकल्पिक मार्गों की व्यवस्था की गई है। इस दौरान नेताजी स्टेडियम से लेकर धन्नीखाड़ी तक जाने वाले मुख्य मार्ग की ओर

से जाने वाली सड़क पर यातायात प्रभावित रहेगा। यातायात पुलिस ने कहा है कि आर.जी.टी. रोड– हवाघर जंक्शन – नयागांव – चक्करगांव – कार्बाइंस चौक और भातूबस्ती बस्ती तक जाने के लिए लोग इन वैकल्पिक मार्गों का उपयोग कर सकते हैं। यह व्यवस्था कल दोपहर ढाई बजे से शाम साढ़े पांच बजे तक रहेगी। किसी भी आपात स्थिति जैसे हवाई अड्डा, परीक्षा में शामिल होना, चिकित्सा कारणों से यात्रा के लिए नागरिक ट्रैफिक कंट्रोल रूम या व्हाट्सऐप नम्बर **9531892228** पर संदेश भेज सकते हैं। कहीं भी सड़कों को पूरी तरह बंद नहीं किया जाएगा।

<><><><><><><>

अति विशिष्ट व्यक्तियों के द्वीपसमूह दौरे को देखते हुए सार्वजनिक कार्यक्रमों के संबंध में पुलिस की ओर से सुरक्षा व्यवस्था की गई हैं। पुलिस ने आम जनता को कार्यक्रम स्थलों पर गुलदस्ता, इलेक्ट्रॉनिक उपकरण, सिगरेट, लाइटर, माचिस, बैग और कंटेनर, सिक्के, छाता, पैकेट, कांच की वस्तुएं और नुकीली चीजें न लाने की सलाह दी है। कार्यक्रम के सुचारू संचालन को सुनिश्चित करने के लिए सभी नागरिकों से कार्यक्रम स्थल पर प्रवेश के समय सुरक्षा कर्मियों के साथ सहयोग करने की अपील की गई है।

<><><><><><><>

नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले निदेशालय ने राशन कार्ड विवरणों को अपडेट करना अनिवार्य किया है। विभाग ने बताया कि स्मार्ट पीडीएस 2.0 प्रणाली के डेटा की समीक्षा के दौरान बड़ी संख्या में राशन कार्डों में जानकारी अधूरी या गलत पाई गई है। पिन कोड के साथ पूर्ण पता, मोबाइल नंबर, और अन्य अनिवार्य क्षेत्रों की अधूरी जानकारी के कारण राशन कार्डों के सत्यापन, अनुमोदन और सुधार में कठिनाइयाँ आ रही हैं। राशनकार्डधारक आधिकारिक पोर्टल an.smartpds.nic.in पर जाकर विवरण में सुधार कर सकते हैं। उचित मूल्य की दुकान मालिकों को अपने लाभार्थियों को इस संबंध में जानकारी देने और ऑनलाइन आवेदन करने में उनकी सहायता करने का निर्देश दिया गया है। लाभार्थी नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले निदेशालय के कमरा नंबर 24 या संबंधित आपूर्ति इकाईयों में भी आवेदन कर सकते हैं। किसी भी अन्य जानकारी के लिए विभाग से संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय द्वारा फरवरी माह में छत्तीसगढ़ में 'खेलो इंडिया जनजातीय खेल' के प्रथम संस्करण का आयोजन किया जा रहा है। खेलो इंडिया जनजातीय खेल हेतु चयन परीक्षण का मुख्य उद्देश्य जनजातीय युवाओं को अपनी खेल प्रतिभा प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान करना है। इस संबंध में, अंडमान निकोबार खेल दल के गठन के लिए, खेल एवं युवा मामले निदेशालय, की ओर से पात्र जनजातीय युवाओं के लिए 6 और 7 जनवरी को राज्य स्तरीय चयन परीक्षण आयोजित की जाएगी। विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं के लिए बी जे आर स्टेडियम कार निकोबार, आधुनिक खेल परिसर, लापाती और नेताजी स्टेडियम निर्धारित किए गए हैं। इच्छुक जनजातीय युवाओं से चयन परीक्षण के समय प्रशासन द्वारा जारी आवश्यक दस्तावेजों के साथ उपस्थित होने को कहा गया है। अधिक जानकारी के लिए पी ई टी जी. नागेश राव और ए. जी. प्रवीण राव से संपर्क किया जा सकता है।

<><><><><><><>

राज्य परिवहन विभाग की ओर से मोटर वाहनों के लिए नई सीरीज 'AN01-W' के तहत पंजीकरण नंबरों की बुकिंग 5 जनवरी से शुरू की जाएगी। जो वाहन मालिक V और W–सीरीज के लिए अपनी पसंद का पंजीकरण नंबर बुक करना चाहते हैं, उनसे ऑनलाइन आवेदन जमा करने को कहा गया है। इसके अलावा पिछली सीरीज के बचे हुए नंबरों को निर्धारित शुल्क का भुगतान कर प्राप्त किया जा सकता है।

**<><><><><><><>**

## समाचार पत्रों की सुर्खियां

**द डेली टेलीग्राम्स** ने ऑपरेशन सिंदूर में डी आर डी ओ के हथियारों की निर्णायक भूमिका पर रक्षा मंत्री के बयान को प्रमुखता से सचित्र प्रकाशित किया है। गृह मंत्रालय की परामर्शदात्री समिति के द्वीपसमूह दौरे के समाचार को **द्वीप समाचार** ने अपनी बड़ी खबर बनाई है। इसके अलावा अखबार ने वीआईपी दौरे के मद्देनजर ड्रोन के उपयोग संबंधी निषेधात्मक आदेश जारी करने के समाचार को भी प्रमुखता दी है। **द अंडमान एक्सप्रेस अंग्रेजी** ने उप–राज्यपाल और अंडमान निकोबार कमान के चीफ ऑफ स्टाफ रियर एडमिरल बिप्लब होता के विदाई मुलाकात के समाचार को सचित्र छापा है। **इंफो इंडिया** ने बृंदावन ग्राम पंचायत परिसर में निर्माण श्रमिकों के लिए जागरूकता–सह–पंजीकरण शिविर आयोजित करने के समाचार को, जबकि **द इको ऑफ इंडिया** ने मायाबंदर में नेताजी सुभाष मेला के आयोजन के समाचार को अपने अखबार में जगह दी है।

**<><><><><><><>**